9/21 हिंदी, वसंत पाठ से

Lesson - 7
Class - 7

प्र०1
उ० हमें नाटक में सबसे बुद्धिमान पात्र कौए का लगा क्योंकि कौए ने ही लड़की के पापा को खोजने में महत्वपूर्ण एवं सक्रिय भूमिका का निर्वाह किया, उसी की योजना के कारण लेटर बाक्स संदेश लिख पाता है। वह उड़-उड़ कर अच्छे बुरे की जानकारी रखता है। उसकी पहचान एवं संदेह के कारण लड़की सामाजिक तत्वों के हाथों में जाने से बच जाती है।

प्र०2
उ० एक बार जोर की आँधी आने के कारण खंभा पेड़ के ऊपर गिर जाता है। उस समय पेड़ उसे संभाल लेता है और इस प्रयास में वह ज़ख्मी भी हो जाता है। इस घटना से खंभे का मजबूत और ऊँचा होने का घमंड चूर-चूर हो जाता है और अंत में दोनों की दोस्ती हो जाती है।

प्र०3
उ० लेटरबाक्स ऊपर से नीचे तक पूरे लाल रंग मे रंगा हुआ था और बड़ों की तरह बुद्धिमानी से बात करता था। वह अपने समय में उन सभी पत्रों को पढ़ डालता जो उसके भीतर होते थे। इस प्रकार हर विषय की जानकारी होने के कारण उसे लाल ताऊ कहते थे।

प्र०4
उ० लाल ताऊ पढ़ा लिखा, हँस-मुख और मिलनसार था। वह नीरस और उबाऊ वातावरण को भी अपनी मजेदार बातों से आनंदमय बना देता था। लाल ताऊ अपने अंदर पड़े पत्रों को बोरियत मिटाने के लिए पढ़ लेता था। वह किसी से डरता नहीं था। समाज की चिंताए भी उसे सताती रहती थी। इन्हीं सब कारणों से लाल ताऊ ~~बाकि~~ बाकी पात्रों से भिन्न है।

नाटक में कौआ ही एक मात्र सजीव पात्र है जिसकी हमें निम्न बातें मजेदार लगी :-
वह दुष्ट कौन है? पहले उसे नजर तो आने दीजिए।

ताऊ एक जगह बैठकर यह कैसे जान सकोगे? उसके लिए तो मेरी तरह रोज चारों दिशाओं में गश्त लगानी ~~पड़ेगी~~ पड़ेगी तब जान पाओगे यह सब।

लड़की बहुत ही छोटी और नादान होने के कारण ~~इन्हें~~ वह अपने घर ~~के~~ का पता नहीं बता पा रही थी यहां तक कि वह अपने पापा का नाम भी नहीं बता पा रही थी। इसी कारण सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर नहीं पहुंचा पा रहे थे।

7 उ लड़की को अपने पापा का नाम पता कुछ भी मालुम नहीं था। कहानी के सभी पात्र मिलकर उसके पापा को खोजने की योजना बनाते हैं। इसी कारण इस नाटक का नाम पात्र खो गए रखा गया होगा।
इसका अन्य शीर्षक लापता बच्ची भी रखा जा सकता है क्योंकि इस नाटक में पूरे समय इसी बच्ची के घर का पता लगाने का प्रयास किया जाता है।

8 उ हम बच्ची को उसके घर तक पहुँचाने के लिए पुलिस, समाचारपत्र, पोस्टर, टी.वी. और मीडिया की भी सहायता ले सकते हैं।